राजकीय महिला महाविद्यालय, सिरसा

Govt. College for Women (GCW) Sirsa

Azadi Ka Amrit Mahotsa

Ph. No.01666-225776, 225777 College Code:- SRS003 Email:gcwsirsa@yahoo.com
Website:- gcwsirsa.ac.in Affiliated to UGC under 2(f)

Memo No: GCW/2026/6088 Date:- 27/03/26

पासपोर्ट से सम्बन्धित अति आवश्यक सूचना

हरियाणा महाविद्यालय की सत्र 2025 2026 की बीए / बीकॉम / बीएससी अंतिम वर्ष की छात्राओं को सूचित किया जाता है कि विभाग के पत्र क्रमांक DHE-080001/1/2023- ITCELL DHE dated 20-03-2023 के अनुसार सरकार की मुफ्त पासपोर्ट योजना के अन्तर्गत अब आप विद्यार्थियों को अपना पासपोर्ट बनवाने के लिए अपना पासपोर्ट का फार्म कॉलेज में जमा करवाने की कोई आवश्यकता नहीं है। अभी तक कॉलेज आप के चालान की फीस बैंक में जमा करवाता था। अब आप खुद ही अपना पासपोर्ट का फार्म भर कर खुद ही अपनी फीस जमा कर सकते हो (ऑनलाइन या ऑफलाइन किसी भी माध्यम से) तथा जब आपका पासपोर्ट बन जाए तो फिर आप अपनी फीस की रिफड ले सकते हो। इसके लिए विभाग ने एक ऑनलाइन पोर्टल तैयार किया है जिस पर जाकर आप अपनी फीस का रिफंड ले सकते हो। जब आपका पासपोर्ट बन जाए तब फिर ऑनलाईन पोर्टल (https://passport.higheredurhy.ac.in) पर जाकर फीस का रिफंड लेने के लिए आप को निम्नलिखित काम करने होंगे:-

- पोर्टल पर आप अपनी पासपोर्ट की डिटेल और बैंक एकाउंट (जिसमें फीस की रकम वापिस आएगी) की डिटेल भर दें तथा पासपोर्ट और फीस की रसीद की कॉपी अपलोड कर दें।
- इसके बाद कॉलेज आप के द्वारा भरी गई डिटेल की जांच करने के बाद उसे वैरिफाई करेगा।
- इसके पश्चात् मुख्यालय द्वारा पैसा आपके खाते में सीधे तौर पर भेजा जाएगा। इसके अतिरिक्त विभाग ने **'शिक्षा सहयोगी'** के नाम से एक एंड्रोएड मोबाइल एप भी शुरू की है। इस एप के द्वारा भी आप अपनी पासपोर्ट की फीस की रिफंड ले सकते हो।
- **बीए की अंतिम वर्ष की छात्राएं भरे हुए पासपोर्ट के एप्लीकेशन फॉर्म के साथ अंतिम वर्ष का 'महविद्यालय का परिचय पत्र, बने हुए पासपोर्ट की प्रतिलिपि, भरी हुई पासपोर्ट फीस की प्रतिलिपि इकट्ठी स्टेपल करके प्रो. मुकेश व प्रो. कपिल कुमार को दोपहर 1.00-2.00 बजे के बीच जमा करवाएं |**
- **• बीकॉम व बीएससी अंतिम वर्ष की छात्राएं भरे हुए पासपोर्ट के एप्लीकेशन फॉर्म के साथ अंतिम वर्ष का महविद्यालय का परिचय पत्र, बने हुए पासपोर्ट की प्रतिलिपि, भरी हुई पासपोर्ट फीस की प्रतिलिपि इकट्ठी स्टेपल करके प्रो. मीनू व प्रो. किरण बाला (इकोनॉमिक्स) को दोपहर 1.00-2.00 बजे के बीच जमा करवाएं |**
- • यदि किसी छात्रा को पासपोर्ट का फार्म भरने या Passport Fee Reimbursement फॉर्म भरने में समस्या आ रही है तो वे श्री. मुकेश कुमार व ललित कुमार से सम्पर्क सकती है।

नोटः जिन छात्राओं के पासपोर्ट की महाविद्यालय में पासपोर्ट की फीस जमा होगी वे छात्राएं पासपोर्ट बनने पर पासपोर्ट की एक फोटो प्रति महाविद्यालय में ललित कुमार को जमा करवाएंगी ।

प्राचार्य
Principal
राजकीय महिला महाविद्यालय
Govt. College for Women
Sirsa सिरसा